अंतरराष्ट्रीय योग दिवस:तेल अवीव में सैकड़ों लोगों ने किया योग

तेल अवीव: एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)

अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के मौके पर यहां मशहूर हटाचाना परिसर में 400 से अधिक लोगों ने विभिन्न योगासन किए. इज़राइल में भारत के राजदूत पवन कपूर ने इस दौरान सरकार से इसे वार्षिक कार्यक्रम बनाने की अपील की.हर वर्ग के लोगों ने इस सामारोह में हिस्सा लिया. कपूर ने लोगों से कहा, '' मुझे यह देखकर हमेशा हैरानी होती है कि योग इज़राइल में कितना लोकप्रिय है. योग के बहुत सारे शिक्षक यहां हैं. अलग तरह का योग यहां किया जाता है और सिखाया जाता है. स्कूल जाने से पहले से लेकर कामकाजी स्थल पर किए जाने वाले योग तक...''

नगर पालिका और खेल एवं संस्कृति मंत्रालय के साथ मिलकर भारतीय दूतावास ने यह कार्यक्रम आयोजित किया था. अंतरराष्ट्रीय योग दिवस 2015 से हर साल 21 जून को मनाया जाता है.

कपूर ने कहा, '' शरीर, मस्तिष्क और मन को योग से होने वाले फायदों से आप सब अवगत हैं. मुझे लगता है कि जिस तरह की लोकप्रियता यहां इस कार्यक्रम को मिल रही है संस्कृति मंत्रालय और नगरपालिका यहां इसे वार्षिक कार्यक्रम बनाने पर विचार कर सकता है....''

कपूर ने यहां भारतीय सांस्कृतिक केन्द्र खोले जाने की जानकारी भी दी, जहां लोग योग कर पाएंगे. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जुलाई 2017 में इज़राइल यात्रा के दौरान इसकी घोषणा की गई थी.

China: चीन ने टेस्ट किया मानवरहित हेलिकॉप्टर, भारत पर खतरा बढ़ा ?

दक्षिण चीन के हैनान प्रांत के समुद्री इलाके में आधी रात को इसका परीक्षण किया।

बीजिंग। एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)

चीन ने एक मानवरहित हेलिकॉप्टर का सफल परीक्षण किया। चीन की सरकारी मीडिया ने शुक्रवार को इस बात की जानकारी दी। इस मानवरहित हेलिकॉप्टर ने पहली बार रात में एक ऑपरेशन को अंजाम दिया। इस मानवरहित हेलिकॉप्टर के सफल परीक्षण के बाद चीनी सेना अब कई तरह के आपरेशन के लिए सक्षम हो गई है। एवी 500 (AV500) मानवरहित हेलिकॉप्टर ने दक्षिण चीन के हैनान प्रांत के समुद्री इलाके में आधी रात को इसका सफल परीक्षण किया गया।

इस मानवरहित हेलिकॉप्टर को पहली बार रात में कई खतरनाक हालातों के बीच टेस्ट किया। जिससे इसकी किसी भी समय किसी भी वक्त हमला करने की क्षमता का पता चल पाए। इस मानवरहित हेलिकॉप्टर के परीक्षण ने चीनी सेना की क्षमता में काफी बढ़ोत्तरी हुई है।चीन के सरकारी अखबार ग्लोबल टाइम्स के हवाले से ये खबर आई है।

एक रक्षा विशेषज्ञ के मुताबिक, 'इस ड्रोन हेलिकॉप्टर के रहने से चीन अपनी सीमा की निगरानी, हमले और दुश्मनों को तबाह करने के लिए हमलावर मिशन कर सकता है।

इसके अलावा चीन मानवरहित हेलिकॉप्टर्स का इस्तेमाल आतंक विरोधी एक्शन, आग बुझाने और आपदा के समय भी कर सकता है।

हवाईक्षेत्र का उल्लंघन कर अमेरिका ने गिराया अपना ड्रोन- ईरानी विदेश मंत्री

एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)

तेहरान. ईरान के विदेश मंत्री मोहम्मद जवाद जरीफ ने गुरुवार को कहा कि ''ईरानी हवाईक्षेत्र का उल्लंघन'' करने पर अमेरिकी सैन्य निगरानी ड्रोन को गिराया गया. अपने दावों की पुष्टि की लिए उन्होंने निर्देशांक (अक्षांश और देशांतर की जानकारी) भी पेश किए.

उन्होंने कहा कि ड्रोन को '' कोह-ए-मुबारक के पास चार बजकर पांच मिनट पर निर्देशांक (25 डिग्री 59%43卐

उत्तर 57 डिग्री 02%25 पूर्व) में ड्रोन को निशाना बनाया गया. हमने अमेरिकी सैन्य ड्रोन को अपने समुद्री क्षेत्र से बरामद भी कर लिया है, जहां उसे गिराया गया था.''

जरीफ ने पहले ट्वीट किया था कि हम यह साबित करने के लिए संयुक्त राष्ट्र जाएंगे कि ड्रोन हमारे हवाई क्षेत्र में दाखिल हुआ और ''अमेरिका झूठ बोल रहा है.'' इससे पहले पेंटागन ने ईरान के अमेरिकी सैन्य निगरानी ड्रोन को मार गिराने की पुष्टि करते हुए इस बात पर जोर दिया था कि वह अंतरराष्ट्रीय हवाई क्षेत्र में था. अमेरिका के ओमान की खाड़ी में टैंकरों पर हुए हमलों के लिए ईरान को जिम्मेदार ठहराने के बाद से ही दोनों देशों के बीच तनाव जारी है.

पाकिस्तान: ट्रेन दुर्घटना में 3 लोगों की मौत, कई घायल

मलबे के कारण रेल यातायात कुछ घंटों के लिये बाधित रहा जिसकी वजह से हैदराबाद और कोटरी रेलवे स्टेशन पर यात्री काफी देर तक फंसे रहे.

कराची. एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)

पाकिस्तान के सिंध प्रांत में बृहस्पतिवार को एक यात्री ट्रेन के खड़ी मालगाड़ी से टकरा जाने से कम से कम तीन लोगों की मौत हो गई और कई अन्य घायल हो गए. अधिकारियों ने यह जानकारी दी उन्होंने बताया कि हादसे में जिन्ना एक्सप्रेस के चालक और उसके दो सहायकों की मौत हो गई जबकि घायलों को यहां एक अस्पताल में भर्ती कराया गया है.

मलबे के कारण रेल यातायात कुछ घंटों के लिये बाधित रहा जिसकी वजह से हैदराबाद और कोटरी रेलवे स्टेशन पर यात्री काफी देर तक फंसे रहे. एक वरिष्ठ अधिकारी के अनुसार पाकिस्तान के बंदरगाह शहर कराची से आ रही ट्रेन लाहौर जा रही थी जो पीछे से खड़ी मालगाड़ी में जा घुसी. अधिकारी ने बताया कि टक्कर के कारण कोयला लेकर यूसुफवाला जा रही मालगाड़ी के तीन डिब्बे पटरी से उतर गए. ट्रेन की आवाजाही बहाल करने के वास्ते मलबा साफ करने के लिए कर्मचारियों और मशीनों को काम पर लगाया गया और कई दल बचाव कार्य में लगे हुए थे. अधिकारी ने कहा कि मालगाड़ी को क्षतिग्रस्त डिब्बों से अलग कर एक रेलवे स्टेशन पर ले जाया गया. केन्द्रीय रेल मंत्री शेख रशीद ने मामले की जांच 24 घंटे के भीतर पूरी करने के निर्देश जारी किए हैं. मंत्री ने दुर्घटना के कारण लोगों को हुई असुविधा के लिए खेद व्यक्त किया है.